जनजातीय गौरव दिवस पर विदिशा में जिला स्तरीय समारोह आयोजित



नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रविवार को एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज के सेमीनार हॉल में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान को याद किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना और अतिथियों का स्वागत हुआ।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन और नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, साहस और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन अन्याय, शोषण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अखिल भारतीय सहरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह सहरिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बिरसा मुंडा के जयघोष से गूंजा लाड़कुई, हजारों समाजजन हुए शामिल



भैरूंदा। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम लाड़कुई में जनजातीय गौरव दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निकाले गए विशाल चल समारोह में आसपास के सैकड़ों गांवों से हजारों आदिवासी समाजजन शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-मांदल की गूंज और बिरसा मुंडा के जयकारों से पूरा गांव जनजातीय गौरव के रंग में रंग गया। आयोजन में आदिवासी वित्त एवं विकास निगम की मंत्री निर्मला बारेला भी शामिल हुईं।

चल समारोह में बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-मांदल की थाप पर सामूहिक नृत्य करते हुए आगे बढ़े। भगवान बिरसा मुंडा का स्वरूप धारण किए एक बालक आकर्षण का केंद्र रहा। आकर्षक आदिवासी रथ और डीजे पर गूंजते जनजातीय गीतों ने समारोह की भव्यता बढ़ाई।

चल समारोह दशहरा मैदान से शुरू होकर फॉरेस्ट रोड, बस स्टैंड और हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने से मुख्य मार्ग तक पहुंचा। इसके बाद रैली फॉरेस्ट रोड होते हुए वापस दशहरा मैदान पहुंची। मार्ग में जगह-जगह बिरसा मुंडा के जयकारे गूंजते रहे। समारोह के समापन पर दशहरा मैदान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनजातीय कलाकारों ने पारंपरिक गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन, अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनके आंदोलन और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए दिए गए बलिदान को याद किया। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए समाज को संगठित करने में उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। आयोजन ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और गौरवशाली परंपराओं को सहेजने का संदेश दिया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के आदिवासी सरपंच, समाज के वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विज्ञान मंथन परीक्षा में नवांकुर के विद्यार्थियों ने प्रदेश में लहराया परचम

- नैंसी साहू ने प्राप्त किया प्रथम, ऐश्वर्या रघुवंशी ने द्वितीय और नेहल जैन ने तृतीय स्थान

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः विज्ञान मंथन छात्रवृत्ति परीक्षा में नवांकुर विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा आठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए तीन महत्वपूर्ण स्थान हासिल किए।

कक्षा आठवीं में पूरे मध्यप्रदेश से कुल 227 विद्यार्थियों का चयन हुआ था, जिनमें नवांकुर विद्यापीठ के 20 विद्यार्थी शामिल थे। इस श्रेणी में विद्यालय की छात्रा नैंसी साहू, पिता राकेश साहू ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ऐश्वर्या रघुवंशी, पिता नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा नौवीं में प्रदेशभर से चयनित 375 विद्यार्थियों में नवांकुर विद्यापीठ के 26 विद्यार्थी शामिल रहे। इस श्रेणी में नेहल जैन, पिता प्रदीप जैन ने प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षिका मेघा शर्मा, राजेंद्र सूर्यवंशी, अविनाश डोंगरे और रितु श्रीवास्तव का विशेष मार्गदर्शन रहा। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बाल दिवस पर कौटिल्य गुरुकुलम में बच्चों ने सीखे व्यावहारिक कौशल

- दुकानदार और ग्राहक बने नन्हे विद्यार्थी
- खेल-खेल में सीखा खरीदारी और पैसों का हिसाब

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः बाल दिवस के अवसर पर स्थानीय कौटिल्य गुरुकुलम स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अनूठी गतिविधि आयोजित की गई। मोंटेसरी पद्धति पर आधारित इस आयोजन में विद्यालय परिसर में सब्जी बाजार लगाया गया, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गतिविधि के दौरान बच्चे दुकानदार और ग्राहक की भूमिका में नजर आए। विद्यार्थियों ने अपनी दुकानों पर विभिन्न प्रकार की ताजी सब्जियां सजाईं और उनकी बिक्री की। इस माध्यम से बच्चों ने सब्जियों की पहचान करने, उन्हें नापने-तौलने, पैसों का हिसाब रखने और मोलभाव करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ना और उनमें जरूरी कौशल विकसित करना था। गतिविधि के बाद सभी बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से स्वल्पाहार वितरित किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, आदर्शों और बच्चों के प्रति उनके स्नेह के बारे में जानकारी दी। साथ ही बाल दिवस के महत्व से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया।

खास-खबरें

पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के बीच निकली पांडव महाराज की शाही सवारी



नईदुनिया प्रतिनिधि,शाजापुरः ढोल-नगाड़ों की गूंज, भव्य आतिशबाजी और 'जय पांडव महाराज' के जयकारों के साथ नगर भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया। अवसर था अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज के आराध्य देव भगवान पांडव महाराज की जन्म जयंती का। इस मौके पर समाजजनों द्वारा भगवान का विधिवत पूजन-अर्चन कर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक रथ पर मनमोहक शृंगार के साथ विराजित भगवान पांडव महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। दुर्गा माता मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा राम मंदिर चौक, बस स्टैंड, कृष्णानगर और बाल्डी के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः दुर्गा माता मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे रास्ते ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर व पटाखे फोड़कर रथ का भव्य स्वागत किया। बैंड-बाजे की मधुर धुनों पर युवा जमकर थिरकते नजर आए। समापन पर आयोजित सभा को मुख्य अतिथि एवं बागरी युवा संघ देवास के जिला अध्यक्ष अरुण सिंह धोलिया ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस समाज के आराध्य पांडव हों और स्वयं भगवान श्रीकृष्ण जिनके सारथी रहे हों, वह समाज कभी निर्बल नहीं हो सकता।

राधा रमण राइस मिल परिसर में प्रशांत राय का जन्मदिन मनाया



नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेलीः राधा रमण राइस मिल परिसर में केसरिया दाल मिल, पिपरिया के संचालक प्रशांत राय का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राइस मिल संचालक संदीप जावर ने अपने मित्र के जन्मदिन पर विशेष आयोजन किया। इस दौरान सभी ने केक काटकर और मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में संदीप जावर, राजेश श्रीवास्तव, पत्रकार भीकम राय, दर्श जावर, मिल के जनरल मैनेजर परशुराम गुर्जर और अंकित ठाकुर सहित मित्रों एवं कर्मचारियों ने प्रशांत राय को शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और व्यावसायिक जीवन में निरंतर सफलता की कामना की।

दीपावली मिलन समारोह में बच्चों को किया सम्मानित, संस्कारों का दिया संदेश



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः संस्कार सेना के नेतृत्व में 14 नवंबर को आराधना म्यूजिकल ग्रुप भोपाल के सहयोग से दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। संस्कार सेना संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र कटारे ने यह कार्यक्रम आजीवन सदस्या एवं एडिशनल डायरेक्टर वसंती आठया के निवास पर आयोजित किया। इसमें भोपाल के गायकों ने मनमोहक गीतों की प्रस्तुतियां दीं। बाल दिवस के अवसर पर संस्कार सेना के 'शिक्षा के साथ संस्कार' अभियान के तहत माता-पिता पर आधारित परीक्षा में शामिल बच्चों को सम्मानित किया गया। संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े, संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र विरोले, राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे और वसंती आठया ने बच्चों को मेडल प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वेश तिवारी की बहू नैंसी तिवारी का जन्मदिन भी मनाया गया।

अमित मीना बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



भैरूंदा। भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ कार्यकर्ता अमित मीना को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला सीहोर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। नगर में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत कर मिठाई खिलाई तथा बधाई दी। अमित मीना ने छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से संगठनात्मक कार्यों की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा और भाजपा संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। संगठन के प्रति सक्रियता, अनुभव और समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि अमित मीना के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सीहोर में और अधिक सक्रिय होगा। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

नेहरू जयंती पर कांग्रेसजनों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुरः भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर महू शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय अग्रसेन चौराहे के समीप स्थित नेहरू प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र निर्माण, आधुनिक भारत की नींव रखने तथा शिक्षा, विज्ञान, औद्योगिक विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में पंडित नेहरू के योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर कांग्रेस विधानसभा प्रभारी दीपक सिंह डंडीर, शक्ति सिंह गोयल, गोविंद शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जुगन सिंह धनावत, महूगांव नगर अध्यक्ष वीरू सकोरिया, मानपुर अध्यक्ष महेश परमार, मानपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद बारोड़ आदि उपस्थित रहे।

रायसेन भाजपा में एक माह के भीतर भरे जाएंगे सभी रिक्त पद



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय मासिक बैठक जिला कार्यालय में जिला संगठन प्रभारी राजो मालवीय और जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत जिले में रिक्त संगठनात्मक पदों पर नियुक्तियों को लेकर चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आगामी एक माह के भीतर भाजपा के सभी मोर्चों के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और संगठन के अन्य रिक्त पदों पर नियुक्तियां कर गठन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्यकारिणी गठन और संगठन विस्तार का काम पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला संगठन प्रभारी राजो मालवीय ने कहा कि संगठन में सक्रियता और कार्य के आधार पर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को अवसर दिया जाएगा। बेहतर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाकर नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

बैठक में भगवान बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। साथ ही प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम तथा मंडल अध्यक्षों और प्रभारियों को शक्ति केंद्रों पर नियमित प्रवास करने के निर्देश दिए गए।

दाद जी प्लाजा में गीतों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

गंजबासौदा। दाद जी प्लाजा में दीपावली मिलन समारोह के अंतर्गत गीत-संगीत का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, सुरेश तनवानी, लर्निंगफाई स्कूल संचालक प्रीति सैनित भावसार, पूर्व पार्षद सपना अतुल नेमा, लेखिका कनक दांगी, ब्रजलता और पार्षद मनीष विश्वकर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी गायक कलाकारों का वायुसेना के सार्जेंट मुकेश खन्ना एवं जागेश्वरी खन्ना की ओर से स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं दिशा म्यूजिकल ग्रुप की ओर से कलाकारों को शाल और मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों को संस्कार देने और माता-पिता के सम्मान का संदेश देने के लिए विशेष संगीतमय प्रस्तुति दी गई। संचालिका बबीता जैन और भोपाल से आए संचालक दीपक दीवाना ने मोमबत्ती जलाकर 'ज्योत से ज्योत जगाते चलो' और 'यह तो सच है कि भगवान है' गीतों को नए अंदाज में प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

विधायक सुदेश राय ने जूस पिलाकर 84 वर्षीय बैरागी का अनशन स्थगित कराया



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने और वेतन निर्धारण में कथित गड़बड़ी से पेंशन में कटौती के विरोध में आमरण अनशन पर बैठे 84 वर्षीय सेवानिवृत्त वन कर्मचारी नेता केएल बैरागी ने शनिवार को विधायक सुदेश राय के आश्वासन के बाद अनशन स्थगित कर दिया। विधायक ने धरना स्थल पर पहुंचकर उन्हें जूस पिलाया।

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांत अध्यक्ष बैरागी शनिवार सुबह 11 बजे टाउन हॉल के पास अनशन पर बैठे थे। उनका कहना था कि जबलपुर हाईकोर्ट से पक्ष में आदेश जारी होने के बावजूद वन विभाग क्रमोन्नति का लाभ नहीं दे रहा है। गलत वेतन निर्धारण के कारण उन्हें निर्धारित पेंशन से कम राशि मिल रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाया।

बैरागी ने कहा कि 84 वर्ष की उम्र में अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मांगों का निराकरण नहीं होने तक अनशन जारी रखने की बात भी कही थी।

अनशन की जानकारी मिलने पर विधायक सुदेश राय धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने बैरागी और अन्य पेंशनरों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने क्रमोन्नति, वेतन निर्धारण और पेंशन संबंधी मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद बैरागी ने अनशन स्थगित करने पर सहमति जताई।

इस दौरान बैरागी ने अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित समस्याएं भी विधायक के सामने रखीं। अनशन को कई पेंशनरों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने समर्थन दिया। धरना स्थल पर कन्हैयालाल बैरागी, डॉ. साधुराम शर्मा, पं. राममूर्ति शर्मा, चंद्रसिंह ठाकुर, दिनेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे। विधायक के आश्वासन के बाद आंदोलनरत कर्मचारियों ने समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई।

वार्ड क्रमांक 2 के देवनगर कॉलोनी में 38 लाख रुपये के सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन




नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर : शहर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित देवनगर कॉलोनी में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए नगर पालिका द्वारा 38 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसी क्रम में माताजी के मंदिर के पीछे प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की सड़कों की स्थिति बेहतर होगी और रहवासियों को लंबे समय से महसूस की जा रही आवागमन एवं जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी। प्रस्तावित निर्माण कार्यों के अंतर्गत ताराचंद कुशवाहा के निवास से मेवाड़ा जी के निवास तक सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा। वहीं विनोद परमार जी के घर से त्रिपाठी जी के घर तक सीसी रोड एवं नाली का निर्माण किया जाएगा। दोनों निर्माण कार्यों पर कुल 38 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। भूमिपूजन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर विकास का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है, जब विकास की सुविधाएं शहर के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक गली तक पहुंचें। हमारा प्रयास है कि शहर के किसी भी क्षेत्र के रहवासियों को सड़क, नाली और मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े।

अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

गंजबासौदा। अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह हितकारिणी धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अन्नकूट का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। समारोह में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, अधिकारी और मीडिया कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।

ऑटो के पीछे यात्री लटकाकर चलाया वाहन चालक पर एक हजार रुपये का जुर्माना



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः ऑटो के पीछे यात्री को लटकाकर वाहन चलाने के मामले में यातायात पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हजार रुपये का चालान बनाया है। एक राहगीर ने इस लापरवाही का वीडियो बनाकर ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर भेजा था। इसके बाद पुलिस ने वाहन के पंजीयन नंबर के आधार पर ऑटो और उसके चालक की पहचान की।

जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो में ऑटो के पिछले हिस्से से एक यात्री लटका हुआ दिखाई दे रहा था। व्यस्त सड़क पर इस तरह वाहन चलाना यात्री और अन्य राहगीरों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज खत्री के मार्गदर्शन में कार्रवाई शुरू की गई।

डीएसपी दिलीप सिंह परिहार और रमाकांत चौधरी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सुदर्शन खरे की टीम ने वाहन के पंजीयन नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई। इसके बाद संबंधित ऑटो को पकड़कर चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एक हजार रुपये का चालान बनाया गया।

वीडियो शिकायतों से हो रही निगरानीः यातायात पुलिस को आम नागरिकों की ओर से हेल्पलाइन पर भेजे जाने वाले वीडियो और शिकायतों से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की पहचान करने में मदद मिल रही है। पुलिस ने ऑटो और यात्री वाहन चालकों से निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाने की अपील की है।

पुलिस ने चेतावनी दी है कि यात्रियों को वाहन के बाहर लटकाकर चलाने या अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बार-बार उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने और वाहन जब्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

विंटेज वाइपर और अलिशा इंटरप्राइजेज ने दर्ज की जीत

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर : शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सेकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए दो मुकाबलों में विंटेज वाइपर ने गहलोत वारियर्स को 16 रन से तथा अलिशा इंटरप्राइजेज ने डीजीपी इलेवन को 13 रन से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। आयोजन समिति की ओर से अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

हेमंत चौरसिया ने पांच विकेट लेकर दिखाई गेंदबाजी की धारः पहले मुकाबले में विंटेज वाइपर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। टीम की ओर से आर्य सूद ने 23 गेंदों पर 40 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि निखिल यादव ने 17 रन का योगदान दिया। गहलोत वारियर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमंत चौरसिया ने शानदार प्रदर्शन किया और चार ओवर में मात्र 14 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। आशीष ने तीन तथा गोलू राठौर ने एक विकेट लिया। 125 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गहलोत वारियर्स की टीम 19.3 ओवर में 108 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से हेमंत केसरिया ने 31, वीरेंद्र वर्मा ने 16, अमित शर्मा ने 17 और कमलेश पारोचे ने 11 रन बनाए। विंटेज वाइपर की ओर से अनुपम ने चार विकेट हासिल किए, जबकि मयंक पटेल, प्रणव अग्रवाल और भाग्य स्वामी ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

जेपी यादव और पियुष राज सक्सेना की शानदार पारियां

प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला अलिशा इंटरप्राइजेज और डीजीपी इलेवन के बीच खेला गया। इसमें अलिशा इंटरप्राइजेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 131 रन बनाए। टीम की ओर से जेपी यादव ने 47 रन और पियुष राज सक्सेना ने 46 रन की शानदार पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीजीपी इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में 118 रन ही बना सकी। इस तरह अलिशा इंटरप्राइजेज ने 13 रन से मुकाबला अपने नाम किया। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि कॉरपोरेट ट्रॉफी के माध्यम से शहर के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का बेहतर मंच मिल रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के खिलाड़ी पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा ले रहे हैं।